# ओमशान्ति मीडिया


मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

माउण्ट आबू | जुलाई - 2022 | अंक - 08 | वर्ष -24


## अखिल भारतीय संत सम्मेलन में पहुंचे देश के कोने-कोने से धर्म-प्रेमी


# विश्व शांति के लिए परमात्मा के सत्य स्वरूप को पहचानना ज़रूरी

**शांतिवन-आबू रोड।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के शांतिवन स्थित विशाल डायमण्ड हॉल में त्रिदिवसीय 'अखिल भारतीय संत सम्मेलन' का भव्य आगाज़ हुआ। 'परमात्मा का सत्य स्वरूप' विष्य पर आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से संत-महात्माओं ने भाग लिया व खुले मन से पूरे विश्व में शांति, सौहार्द व एकता की कामना की। इस अवसर पर शंकर शक्ति आश्रम वृंदावन के महामंडलेश्वर स्वामी राजशेखरानंद ने कहा कि आज पूरे विश्व में शांति व सद्भाव की ज़रूरत है। इसके लिए परमात्मा के सत्य स्वरूप को पहचानना ज़रूरी है। यदि एक परमात्मा व एक विश्व परिवार का सिद्धान्त प्रतिपादित हो जाए तो निश्चित तौर पर पूरे विश्व से असमानता समाप्त हो जायेगी। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ से एक लौ निकलेगी, जो पूरे विश्व को आलोकित करेगी। यह संत सम्मेलन उसकी नींव है। संस्थान के ज्ञान व परमात्मा के पहचान की परिभाषा में कोई विरोधाभास नहीं है। हम सभी को मिलकर विश्व शांति का प्रयास करना चाहिए।






संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने कहा कि समूचा विश्व एक परिवार है। हम केवल शरीर के रूप में बंटे हैं, लेकिन वह हमारी पहचान नहीं है। परमात्मा शिव ने हमारी पहचान आत्मा के रूप में दी है, इसलिए हम आत्मा के रूप में भाई-भाई हैं। राजयोग ध्यान से ही हमारे जीवन में बदलाव आएगा। येल्लुरू आंध्र प्रदेश से पहुंचे यग्यनवालय राजाश्रमम के पीठाधिपति कृष्णम चरणानंद भारती महाराज ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ में प्रवेश करते ही यह एहसास हो जाता है कि भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिकता में कितनी ताकत है। राजपुरा से पहुंचे आचार्य अरविन्द मुनि ने कहा कि आज हिंसा की खबरें विचलित करती हैं। ऐसे में ज़रूरी है कि हम एक ऐसे माहौल का निर्माण करें जिससे विश्व में शांति हो और परमात्मा की पहचान हो। सन्यास आश्रम मुम्बई से पहुंचे महामंडलेश्वर प्रेमानंद गिरि जी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों की त्याग व तपस्या पूरे विश्व को आलोकित कर रही है। अपने श्रेष्ठ सिद्धान्तों के साथ पूरे विश्व में यह संस्थान फैल गया है। संस्थान की संयुक्त प्रशासिका ब्र.कु. मुन्नी दीदी, अतिरिक्त महासचिव ब्र.कु. बृजमोहन, कार्यकारी सचिव ब्र.कु. मृत्युंजय, दिल्ली पाण्डव भवन सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. पुष्पा बहन, धार्मिक प्रभाग की अध्यक्षा ब्र.कु. मनोरमा बहन व मुख्यालय संयोजक ब्र.कु. रामनाथ भाई ने भी अपने विचार व्यक्त किए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, ब्रह्माकुमारीज़ की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका ब्र.कु. मोहिनी दीदी,न्यू यॉर्क तथा ब्र.कु. जयंती दीदी,लंदन ने वीडियो के माध्यम से संत सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामना संदेश भेजा।







### प्रधानमंत्री का संदेश

**सभी की जिज्ञासाओं का समाधान कर राष्ट्र की प्रगति ज़रूरी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेश भेजकर संत सम्मेलन की सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि हमें लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान कर राष्ट्र की प्रगति के लिए प्रयास करना है। मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन से पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति की झलक अवश्य जाएगी।

# विशाल 'भगवद्गीता ज्ञानलोक आर्ट गैलरी' मानव सेवा में समर्पित

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने किया उद्घाटन : प्रहलाद जोशी,केन्द्रिय मंत्री भी रहे उपस्थित





**हुबली-कर्नाटक।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा साढ़े पाँच एकड़ भूमि में 'भगवद्गीता ज्ञानलोक आर्ट गैलरी' का निर्माण किया गया है। इस आर्ट गैलरी में 114 प्रदर्शनी की स्थापना की गई है। इस विशाल आर्ट गैलरी का भव्य शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रहलाद जोशी,मिनिस्टर ऑफ पार्लियामेंटरी अफेयर्स,कोल एंड माइंस,गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी,संयुक्त मुख्य प्रशासिका,ब्रह्माकुमारीज़, माउण्ट आबू, राजयोगी ब्र.कु. बृजमोहन भाई,अतिरिक्त महासचिव,ब्रह्माकुमारीज़, माउण्ट आबू, राजयोगी ब्र.कु. बसवराज राजऋषि,डायरेक्टर,ब्रह्माकुमारीज़,हुबली सबज़ोन, बी.वाई. राघवेन्द्र,मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट,शिवमोगा, हलप्पा अचर, मिनिस्टर ऑफ माइंस एंड जियोलॉजिकल, वुमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट डिपार्ट. कर्नाटक गवर्नमेंट एंड धारवाड़ डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज मिनिस्टर, शंकर बी.पाटील मुनेनाकोप्पा,मिनिस्टर ऑफ टेक्सटाइल्स एंड शुगरकेन,कर्नाटक गवर्नमेंट, राजयोगी ब्र.कु. मृत्युंजय भाई,एक्ज़ीक्युटिव सेक्रेट्री, ब्रह्माकुमारीज़,माउण्ट आबू, राजयोगी ब्र.कु. करुणा भाई,चीफ ऑफ मल्टी मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,माउण्ट आबू, राजयोगिनी ब्र.कु. निर्मला बहन,प्रभारी,ब्रह्माकुमारीज़, हुबली सब-ज़ोन, सोमशेखर रेड्डी,एमएलए, बेल्लारी टाउन, अरविंद बेल्लाड,एमएलए, हुबली, राजयोगिनी ब्र.कु. शुक्ला दीदी, दिल्ली, राजयोगिनी ब्र.कु. शारदा दीदी, अहमदाबाद, राजयोगिनी ब्र.कु. लक्ष्मी दीदी, मैसूर सहित अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें व बड़ी संख्या में शहर वासी उपस्थित रहे।